**Code No.**
**कोड नं.** **61/1/1**

- Please check that this question paper contains **8** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** + **2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# HISTORY
# इतिहास

***Time allowed : 3 Hours*** ***Maximum Marks : 100***
***निर्धारित समय : 3 घण्टे*** ***अधिकतम अंक : 100***

***General Instructions :***

*(i) Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.*
*(ii) Answers to questions carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*
*(iii) Answers to questions carrying **5** marks should not exceed **100** words each.*
*(iv) Answers to questions carrying **8** marks should not exceed **250** words each.*
*(v) Attach the maps with the answer scripts.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।*
*(ii) **2** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक न हो।*
*(iii) **5** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हो।*
*(iv) **8** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो।*
*(v) मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।*

## MODERN INDIA
## आधुनिक भारत

1. Explain briefly any two main achievements of Bahadur Shah I. **2**

   बहादुरशाह I की किन्हीं दो प्रमुख उपलब्धियों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

2. What was the Queen's Proclamation of 1858 ? **2**

   1858 की महारानी की घोषणा क्या थी ?

3. Who founded the Brahmo Samaj ? Mention any one of its principal aims. **2**

   ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की ? इसके प्रमुख उद्देश्यों में से किसी एक का उल्लेख कीजिए।

4. Who founded the Arya Samaj ? Describe the role of Arya Samaj in the social awakening of India. **1 + 4**

   **OR**

   Discuss the main objectives of the East India Association founded in London. Who founded the association ? **4 + 1**

   आर्य समाज की स्थापना किसने की ? भारत के सामाजिक जागरण में आर्य समाज की भूमिका का वर्णन कीजिए।

   **अथवा**

   लंदन में स्थापित ईस्ट एसोसिएशन के प्रमुख उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए। इस एसोसिएशन की स्थापना किसने की थी ?

5. Explain three main reasons for the foundation of the Indian National Congress in 1885 and name the two Britishers who had helped in its foundation. **3 + 2**

   **OR**

   What were the main demands of the Moderate nationalists ? Mention their two main achievements.

   1885 में भारतीय कांग्रेस की स्थापना के तीन प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए और इसकी स्थापना में सहायक दो अंग्रेजों के नाम भी लिखिए।

   **अथवा**

   उदार राष्ट्रवादियों की प्रमुख माँगें क्या थीं ? उनकी दो मुख्य उपलब्धियों का उल्लेख कीजिए।

6. Explain the importance of the revolutionary movements in the freedom struggle of India. **5**

   **OR**

   Explain how the Home Rule movement was neither entirely moderate nor was thoroughly revolutionary. **5**

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारी आंदोलनों के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

हम कैसे कह सकते हैं कि होम रूल आंदोलन न तो पूर्णतः उदारवादी था और न ही पूर्णतः क्रांतिकारी ? स्पष्ट रूप से समझाइए।

7. Why was the Khilafat movement started ? Explain its political significance. **5**

**OR**

Explain the main aspects of constitutional changes introduced in 1919. Examine the nationalists' reactions to these changes. **3 + 2**

खिलाफ़त आंदोलन क्यों प्रारंभ हुआ था ? इसका राजनीतिक महत्त्व समझाइए।

**अथवा**

1919 में प्रस्तुत संवैधानिक परिवर्तनों के प्रमुख पहलुओं को स्पष्ट कीजिए। इन परिवर्तनों के प्रति राष्ट्रवादियों की प्रतिक्रियाओं का परीक्षण भी कीजिए।

8. Explain any four achievements of the Congress ministries formed after 1937. Mention any two states where the Congress had formed ministries. **4 + 1**

**OR**

What was the Mountbatten Plan ? Explain its main outcome. **2 + 3**

1937 के बाद कांग्रेस द्वारा गठित मंत्रिमंडलों की किन्हीं चार उपलब्धियों को स्पष्ट कीजिए। ऐसे दो राज्यों के नाम लिखिए जहाँ कांग्रेस ने मंत्रिमंडल गठित किए।

**अथवा**

माउंटबेटन योजना क्या थी ? इसके प्रमुख परिणाम पर प्रकाश डालिए।

9. Examine the main reasons which prompted the Europeans to come to India during the 16th and 17th centuries. Explain how India was portrayed in European writings during the period. **5 + 3**

**OR**

Examine any two main objectives of the East India Company at the time of its foundation. Explain the main features of its structure and mention the British Government's relations with the company. **2 + 4 + 2**

सोलहवीं और सत्रहवीं सदी में यूरोप-वासियों को भारत आने के लिए प्रेरित करने वाले दो प्रमुख कारणों का परीक्षण कीजिए। स्पष्ट कीजिए कि उक्त काल में यूरोपीय लेखों में भारत को किस रूप में चित्रित किया गया था।

**अथवा**

अपनी स्थापना के समय ईस्ट इंडिया कंपनी के किन्हीं दो प्रमुख उद्देश्यों का परीक्षण कीजिए। इसके गठन की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट करते हुए कंपनी के साथ ब्रिटिश सरकार के संबंधों का भी उल्लेख कीजिए।

10. Describe the economic causes of the Revolt of 1857 and mention any two revolts which preceded it. **6 + 2**

**OR**

Why did the Revolt of 1857 fail ? Mention any two Indian rulers who sided with the British during the revolt.

1857 के विद्रोह के आर्थिक कारणों पर प्रकाश डालिए और इससे पूर्व घटित किन्हीं दो अन्य विद्रोहों का उल्लेख भी कीजिए।

**अथवा**

1857 का विद्रोह असफल क्यों हुआ ? किन्हीं दो भारतीय शासकों के नाम लिखिए जिन्होंने इस विद्रोह में अंग्रेजों का साथ दिया था।

11. Critically analyse the nature of freedom struggle in Goa. When was Goa finally liberated ? **7 + 1**

**OR**

Read the following passage and answer the questions that follow :

"In order to settle the issue immediately and prevent the slaughter of innocent people, the Congress decided to agree to the division of the country and demanded the partition of the Punjab and Bengal. This was no surrender to the Muslim League or policy of appeasement."

(i) Why did the Congress accept the partition of India in 1947 ? **1**

(ii) Why did the Muslim League demand a separate and independent state ? **2**

(iii) Do you agree with the view that the acceptance of the demand for the partition of the country was an act of appeasement ? Give reasons. **5**

गोवा के स्वतंत्रता आंदोलन का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए। अंततः गोवा कब मुक्त हुआ ?

**अथवा**

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

''समस्या को जल्दी सुलझाने और निर्दोष लोगों को नरसंहार से बचाने के लिए कांग्रेस ने देश के विभाजन को मान लेने का निर्णय लिया और पंजाब और बंगाल के विभाजन की माँग की। यह मुस्लिम लीग के प्रति आत्मसमर्पण या तुष्टीकरण की नीति नहीं थी।''

(i) कांग्रेस ने 1947 में भारत का विभाजन क्यों स्वीकार किया ?

(ii) मुस्लिम लीग एक पृथक और स्वतंत्र राज्य की माँग क्यो कर रही थी ?

(iii) क्या आप इस दृष्टिकोण से सहमत हैं कि देश के विभाजन की माँग पर सहमति तुष्टीकरण का काम था ? तर्कसहित उत्तर दीजिए।

12. On the given outline map (Political) of India locate and label the following as on 15th August, 1947: **5**

(i) Two French regions

(ii) Two Portuguese regions

(iii) One Princely State

**OR**

On the given outline map (Political) of India locate and label the following chief centres of the Revolt of 1857 :

(i) Two centres in Karnataka

(ii) Two centres in Andhra

(iii) One centre in Kerala

भारत के दिए हुए राजनीतिक मानचित्र पर 15 अगस्त, 1847 को निम्नलिखित की स्थिति चिन्हित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

(i) दो फ्रांसीसी क्षेत्र

(ii) दो पुर्तगाली क्षेत्र

(iii) एक रियासत

**अथवा**

भारत के दिए हुए राजनीतिक मानचित्र पर 1857 के विद्रोह के निम्नलिखित प्रमुख केन्द्रों को चिन्हित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

(i) कर्नाटक में स्थित दो केन्द्र

(ii) आंध्र प्रदेश में स्थित दो केन्द्र

(iii) केरल में स्थित एक केन्द्र

**Note** : The following questions are only for the Blind Candidates in lieu of Q. No. 12.

(i) Name the two French regions as on 15th August, 1947 in India.

(ii) Name the two Portuguese regions as on 15th August, 1947 in India.

(iii) Name one Princely State as on 15th August, 1947 in India.

**OR**

Name the following chief centres of the Revolt of 1857 :

(i) Two centres in Karnataka

(ii) Two centres in Andhra

(iii) One centre in Kerala

**टिप्पणी :** निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर है।

(i) 15 अगस्त, 1847 को भारत में स्थित दो फ्रांसीसी क्षेत्रों के नाम लिखिए।

(ii) 15 अगस्त, 1847 को भारत में स्थित दो पुर्तगाली क्षेत्रों के नाम लिखिए।

(iii) 15 अगस्त, 1847 को भारत की किसी रियासत का नाम लिखिए।

**अथवा**

1857 के विद्रोह के निम्नलिखित केन्द्रों के नाम लिखिए :

(i) कर्नाटक में स्थित दो केन्द्र

(ii) आंध्र प्रदेश में स्थित दो केन्द्र

(iii) केरल में स्थित एक केन्द्र

## CONTEMPORARY WORLD HISTORY
## समसामयिक विश्व इतिहास

13. What is meant by covenant of the League of Nations ? **2**

    राष्ट्रसंघ के प्रतिज्ञापत्र से क्या आशय है ?

14. Explain the meaning of blitzkrieg in the context of World War II. **2**

    द्वितीय विश्वयुद्ध के संदर्भ में 'तूफानी हमला' (blitzkrieg) का आशय समझाइए।

15. Describe one main reason of the Arab-Israel conflict in contemporary history. **2**

    समसामयिक इतिहास में अरब-इसराइल संघर्ष के एक प्रमुख कारण का वर्णन कीजिए।

16. What is meant by 'Globalization' ? **2**

    'भूमंडलीकरण' का क्या आशय है ?

17. Mention the two indicators of an advanced society or a State. **2**

    किसी उन्नत समाज या राज्य के दो संकेतक लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

18. Mention any main characteristic of the modern Japanese novel. **2**

    आधुनिक जापानी उपन्यास की किसी प्रमुख विशेषता का उल्लेख कीजिए।

19. Explain the meaning of Contemporary period in history. Mention how it is different from the Modem period. **3 + 2**

    **OR**

    Explain the basis of Anglo-French Entente of 1904. Mention one of its main consequences. **4 + 1**

    इतिहास में समसामयिक युग का आशय स्पष्ट कीजिए। लिखिए कि यह आधुनिक युग से किस प्रकार भिन्न है।

    **अथवा**

    1904 के आंग्ल-फ्रांसीसी समझौते का आधार स्पष्ट कीजिए। इसके प्रमुख परिणामों में से किसी एक का उल्लेख कीजिए।

20. Describe the main reasons for the rise of Nazism in Germany. Mention one of its main outcome. **4 + 1**

    **OR**

    What led to the social crisis in Britain during the inter-war period ? Mention when were the women given the right to vote there.

जर्मनी में नाज़ीवाद के उत्थान के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिए। इसके एक परिणाम का भी उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

महायुद्धों के बीच के काल में ब्रिटेन में सामाजिक संकट आने का क्या कारण था ? बताइए कि वहाँ महिलाओं को मतदान का अधिकार कब प्राप्त हुआ ?

21. Critically analyse the success of the Communists in China in 1949. Mention the name of their main leader. **4 + 1**

**OR**

Explain the post II World War developments in Vietnam and assess the role of the United States of America in it. **5**

1949 में चीन में साम्यवादियों की सफलता का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए। उनके प्रमुख नेता का नाम लिखिए।

**अथवा**

वियतनाम में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद के घटनाक्रम को स्पष्ट कीजिए और इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका की भूमिका का आकलन कीजिए।

22. Explain the main developments during the World War II which led to Germany's surrender. Explain two main outcomes of her surrender. **6 + 2**

**OR**

Explain the term decolonization. Examine how the process of decolonization got strength after the World War II. Name one country which was decolonised soon after the World War II. **2 + 5 + 1**

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौर के उन प्रमुख घटनाक्रमों को स्पष्ट कीजिए जिनके कारण जर्मनी को आत्मसमर्पण करना पड़ा। उसके आत्मसमर्पण के दो परिणामों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

'औपनिवेशिकता का अंत' (decolonization) कथन को स्पष्ट कीजिए। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद औपनिवेशिकता की समाप्ति की प्रक्रिया को कैसे बल मिला - इसका वर्णन करते हुए एक राष्ट्र का नाम लिखिए जहाँ द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के तुरंत बाद साम्राज्यवाद का अंत हुआ हो।

23. On the given outline map of Europe locate and label five countries which actively participated in the World War I. **5**

**OR**

On the given outline map of Europe, locate and label three neutral countries and two allied countries during the World War II.

यूरोप के दिए गए मानचित्र में प्रथम विश्वयुद्ध में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले पाँच देशों को चिन्हित कर उनके नाम लिखिए।

**अथवा**

यूरोप के दिए गए मानचित्र में द्वितीय विश्वयुद्ध में तीन तटस्थ राष्ट्रों और दो मित्र राष्ट्रों को चिन्हित कर उनके नाम भी लिखिए।

**N.B.:** The following question is only for the Blind Candidates in lieu of Q. No. 23.

Mention the names of five countries of Europe which were actively participating in the World War I. **5**

**OR**

Mention names of any three neutral countries and two allied countries of Europe during the World War II.

**टिप्पणी :** निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 23 के स्थान पर है।

प्रथम विश्वयुद्ध में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले पाँच यूरोपीय राष्ट्रों के नाम लिखिए।

**अथवा**

द्वितीय विश्वयुद्ध में यूरोप के तीन तटस्थ राष्ट्रों और दो मित्र राष्ट्रों के नाम लिखिए।

For Q. No. 12 प्रश्न सं. 12 के लिये



For Q. No. 23

# EUROPE - OUTLINE

प्रश्न सं. 23 के लिये

